डाक प्रमाणित

सं.30017/1/2005-सा.प्र.
भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
(सामान्य प्रशासन अनुभाग)

उद्योग भवन, नई दिल्ली
दिनांक 25.5.2007
27

सेवा में,

विषय : पुराने समाचार पत्रों, पत्रिकाओं इत्यादि की बिक्री ।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस मंत्रालय के पुराने समाचार पत्रों पत्रिकाओं को बेचने का प्रस्ताव हैं । तदनुसार अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता पुराने समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं के विक्रय हेतु दर-सूचियां (कोटेशन) आमंत्रित करते है। यदि आप इच्छुक हैं तो कृपया प्रति किलोग्राम की अपनी उच्चतम दर सूचियां संलग्न प्रपत्र में अद्योहस्ताक्षरी को सम्बोधित मुहरबन्द लिफाफे में भेजे जो दिनांक 3-9-2007 को 3.00 बजे (अपराह्न) तक मिल जानी चाहिए। लिफाफे के ऊपर स्पष्ठ रूप से रद्दी कागजातों के लिए भाव-सूचियाँ अंकित होना चाहिए। अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा दर-सूचियां उसी दिन 4.00 बजे अपराह्न में खोली जाएँगी । यदि ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधि इच्छुक हैं तो व उस समय उपस्थित रह सकते हैं।

शर्तें:-

1. ठेके की अवधि :- एक वर्ष

2. तौलने के लिए प्रबंध :- इस उद्देश्य हेतु श्रमिकों की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी और तौलने का कार्य कार्यालय परिसर में अथवा इस्पात मंत्रालय, उद्योग भवन में अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता की निगरानी में अथवा इस उद्देश्य हेतु उनके द्वारा प्रतिनियुक्त किसी अधिकारी की निगरानी में किया जाएगा।

3. भुगतान :- ठेकेदार को कार्यालय परिसर से रद्दी कागजातों इत्यादि को ले जाने की अनुमति तभी दी जाएगी जब सम्पूर्ण वितरित मात्रा का नगद भुगतान कर दिया जाएगा ।

4. यदि ठेकेदार इस पत्र में दी गयी शर्तो का पालन करने में असफल रहता है तो सक्षम प्राधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी समय ठेके को रद्द कर सकते हैं।

भवदीय,

(द० कु० सोलंकी)

(दर्शन कुमार सोलंकी)
अनुभाग अधिकारी
दूरभाष : 23062537